Roll No.
रोल नं.

**Code No. 001**

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

# HINDI COURSE - (A)
# हिन्दी कोर्स– (अ)

***सामान्य निर्देश :***

***निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें एवं पूर्णरूप से इनका अनुपालन करें।***

*निर्धारित समय : 3 घंटे* | *अधिकतम अंक : 80*

***नोट :***

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **11** मुद्रित पृष्ठ हैं।

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 15 प्रश्न हैं।

(iv) ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।***

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में **10:15** बजे किया जाएगा। पूर्वाह्न में **10 : 15** से **10 : 30** बजे तक छात्र प्रश्न-पत्र को केवल पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका में कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

(vi) इस प्रश्न-पत्र में **चार खंड** हैं - **क, ख, ग** और **घ।**

(vii) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं। यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

(viii) **खंड** - **'क'** में कुल **2** प्रश्न हैं, जिनमें उप-प्रश्नों की संख्या **10** है।

(ix) **खंड** - **'ख'** में कुल **4** प्रश्न हैं, जिनमें उप-प्रश्नों की संख्या **20** है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए **16** उप प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(x) **खंड** - **'ग'** में कुल **5** प्रश्न हैं, जिनमें उप-प्रश्नों की संख्या **21** है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए उत्तर लिखें।

(xi) **खंड** - **'घ'** में कुल **4** प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं।

(xii) प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।

## खंड - क

**( अपठित बोध )** **14**

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **7**

लोगों के सार्वजनिक और निजी जीवन को लेकर मनमानी बातें करने की प्रवृत्ति अब आम लोगों के लिए भी परेशानी का सबब बन गई है। हमारे सामाजिक-पारिवारिक परिवेश में किसी व्यक्ति के गलत या सही विचार-व्यवहार को लेकर टीका-टिप्पणी करने की आदत सदा से जीवन को दूभर करती रही है। किसी घटना-दुर्घटना के सभी पक्षों को जाने समझे बिना तानों-उलाहनों की बौछार करने में पराए ही नहीं, अपने भी नहीं चूकते। पहले से ही परिस्थितिजन्य पीड़ा के शिकार किसी इंसान या परिवार को ठेस पहुँचाने के इस व्यवहार को अब तकनीकी मंचों ने और विस्तार दिया है। किसी सहज से वाकये को भी विवादास्पद बनाकर आभासी माध्यमों पर होने वाले संवाद में हद दर्जे तक विद्रूप बना दिया जाता है। सहज-सी तस्वीर हो या कोई पारिवारिक आयोजन, सामाजिक जीवन से जुड़ा कोई वाकया हो या व्यक्तिगत सोच, आपसी जुड़ाव के लिए अस्तित्व में आए सोशल मीडिया मंचों पर होने वाली 'ट्रोलिंग' एक दुखदायी समस्या बन गई है। भारत ही नहीं, दुनिया के हर हिस्से में क्षेत्र विशेष की जानीमानी हस्तियाँ भी लंबे समय से इस तरह के व्यवहार को झेलती आई हैं। हाल के वर्षों में आम हो या खास, हर कोई नकारात्मक मानसिकता वाले ऐसे लोगों के निशाने पर आने लगा है। विडंबना है कि यह ऑनलाइन दुर्व्यवहार इसके शिकार लोगों की मुश्किलें असली संसार में भी बढ़ा देता है। कुल मिलाकर, आभासी उत्पीड़न का यह घेरा निशाने पर आए इंसान को बेचैन करने वाला वातावरण बना देता है। ऐसे में, किसी भी विषय, घटना या दुर्घटना को लेकर कुछ कहने से पहले ठहराव के साथ उसे समझना-जानना आवश्यक है। मानवीय समझ और सरोकारी सोच ही इस दुर्भाव को रोक सकती है। बेहद जरूरी हो चला है कि लोग तकनीक से मिली सुविधाओं को सनक न बनाएँ।

(i) आभासी दुनिया में ट्रोलिंग का अर्थ है : **1**

(A) राष्ट्रहित में किसी विषय पर चर्चा

(B) किसी के विचारों का सतत अनुकरण

(C) किसी की उपलब्धियों की प्रशंसा

(D) किसी सामान्य-सी बात को विवादास्पद बनाना

(ii) गद्यांश के संदर्भ में उपयुक्त कथन है : **1**

(A) दूसरों के विचार-व्यवहार पर टीका-टिप्पणी करना तकनीकी विकास की देन है।

(B) ताने-उलाहने व्यक्ति को अपना आचरण सुधारने में मदद करते हैं।

(C) आभासी माध्यमों से की गई टीका-टिप्पणियाँ व्यक्ति के लिए मार्गदर्शक जैसी होती हैं।

(D) आभासी माध्यम से परिचित और अपरिचित सभी अपने-अपने विचार रख पाते हैं।

(iii) निम्नलिखित **कथन** और **कारण** को पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : **1**

**कथन :** वर्तमान में आभासी माध्यमों पर होने वाले संवाद संवेदनहीन और अर्थहीन होते जा रहे हैं।

**कारण :** आभासी माध्यमों पर होने वाली चर्चाओं में सार्थकता और हित की भावना में गिरावट आई है।

(A) **कथन** और **कारण** दोनों गलत हैं।

(B) **कथन** सही है परंतु **कारण** उसकी गलत व्याख्या करता है।

(C) **कथन** गलत है और **कारण** सही है।

(D) **कथन** और **कारण** दोनों सही हैं और **कारण कथन** की सही व्याख्या करता है।

(iv) किसी भी विषय पर सार्वजनिक रूप से अपना मंतव्य रखने से पहले किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक है? **2**

(v) ऑनलाइन दुर्व्यवहार का वास्तविक जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है? **2**

2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 7

सच्चाई यह है कि
केवल ऊँचाई ही काफ़ी नहीं होती,
सबसे अलग-थलग, परिवेश से पृथक,
अपनों से कटा-बँटा,
शून्य में अकेला खड़ा होना,
पहाड़ की महानता नहीं, मजबूरी है।
ऊँचाई और गहराई में,
आकाश-पाताल की दूरी है।
जो जितना ऊँचा,
उतना एकाकी होता है,
हर भार को स्वयं ढोता है,
चेहरे पर मुस्कानें चिपका
मन ही मन रोता है।
ज़रूरी यह है कि
ऊँचाई के साथ विस्तार भी हो
जिससे मनुष्य, ठूँठ-सा खड़ा न रहे,
औरों से घुले-मिले,
किसी को साथ ले, किसी के संग चले,
भीड़ में खो जाना, यादों में डूब जाना,
स्वयं को भूल जाना
अस्तित्व को अर्थ
जीवन को सुगंध देता है।
धरती को बौनों की नहीं
ऊँचे कद के इंसानों की जरूरत है।
इतने ऊँचे कि आसमान छू लें,
नए नक्षत्रों में प्रतिभा के बीज बो लें।

(i) सफलता के शीर्ष पर बैठा व्यक्ति एकाकीपन का शिकार कब हो जाता है? **1**

(A) जब वह अपना सुख तो दूसरों के साथ बाँटता है पर दुख नहीं।

(B) जब वह अपना दुख तो दूसरों के साथ बाँटता है पर सुख नहीं।

(C) जब वह अपने सुख-दुख दोनों को ही किसी के सामने प्रकट नहीं करता।

(D) जब उसे अपनी नहीं बल्कि दूसरों के सुख-दुख की परवाह हो।

(ii) काव्यांश में 'पर्वत' किसका प्रतीक है? **1**

(A) सबको साथ लेकर दृढ़ता से आगे बढ़ने वाले व्यक्ति का।

(B) अपनी सफलता से दूसरों को प्रेरित करने वाले व्यक्ति का।

(C) सफलता के शिखर पर पहुँचे गर्वरहित व्यक्ति का।

(D) सफलता के शिखर पर अकेले खड़े व्यक्ति का।

(iii) निम्नलिखित **कथन** और **कारण** को पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : **1**

**कथन :** शीर्ष पर रहते हुए भी अपनी जड़ों से जुड़े रहने में ही वास्तविक सफलता है।

**कारण :** सफल होने के बाद पीछे मुड़-मुड़कर देखने वाले का पतन निश्चित है।

(A) **कथन** और **कारण** दोनों गलत हैं।

(B) **कथन** और **कारण** दोनों सही हैं।

(C) **कथन** सही है और **कारण** गलत है।

(D) **कथन** गलत है और **कारण** सही है।

(iv) 'ऊँचाई' की सार्थकता किसमें है? **2**

(v) कवि ऊँचे पर्वत को महान क्यों नहीं मानता? **2**

## खंड - ख

## ( व्यावहारिक व्याकरण ) 16

3. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित **पाँच** प्रश्नों में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4x1=4**

(i) एक टीले पर जाकर हमलोग चूहों के बिल में पानी उलीचने लगे। - संयुक्त वाक्य में रूपांतरित कीजिए। **1**

(ii) नार्गे ने बताया कि यहाँ बुद्ध की बड़ी मान्यता है। - सरल वाक्य में बदलिए। **1**

(iii) जब तक हम यूमथांग पहुँचे, तब तक रात हो चुकी थी। - वाक्य भेद लिखिए। **1**

(iv) वह अनुभूति-प्रसूत है इसलिए यही मेरे निकट महत्व की बात है। - मिश्र वाक्य में रूपांतरित कीजिए। **1**

(v) बाबूजी के रामायण का पाठ करते समय हम उनकी बगल में बैठे-बैठे आइने में अपना मुँह निहारा करते। - रचना की दृष्टि से वाक्य का भेद लिखिए। **1**

4. निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4x1=4**

(i) नवाब साहब ने सतृष्ण आँखों से खीरे की फाँकों की ओर देखा। - कर्मवाच्य में बदलिए। **1**

(ii) उनसे अब चला नहीं जाता। - वाच्य पहचानकर भेद का नाम लिखिए। **1**

(iii) भाव की प्रधानता वाले वाक्य में कौन-सा वाच्य होता है ? **1**

(iv) रफ़्ता-रफ़्ता हम ऊँचाई की ओर बढ़ने लगे। - वाच्य भेद का नाम लिखिए। **1**

(v) गुरुजी के सिपाहियों द्वारा हमें पकड़ लिया गया। - वाच्य भेद का नाम लिखिए। **1**

5. निर्देशानुसार 'पद-परिचय' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए : **4x1=4**

(i) <u>शाबास</u>! तुमने बहुत अच्छा बोला। **1**

(ii) अजमेर के ब्रह्मपुरी मोहल्ले से <u>मेरी</u> यादों का सिलसिला शुरू होता है। **1**

(iii) वह मानवीय करुणा की दिव्य चमक में लहलहाता <u>खड़ा था</u>। **1**

(iv) <u>वे</u> रिश्ता बनाते तो तोड़ते नहीं थे। **1**

(v) मूर्ति <u>के निकट</u> ही पानवाले की दुकान थी। **1**

6. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से **किन्हीं चार** प्रश्नों की रेखांकित काव्य-पंक्तियों में अलंकार पहचानकर लिखिए : **4x1=4**

(i) यों जलद-यान में विचर-विचर था इंद्र खेलता इंद्रजाल। **1**

(ii) पानी परात को हाथ छुयो नहिं, नैनन के जल सों पग धोए। **1**

(iii) आकाश का साफ़ा बाँधकर, सूरज की चिलम खींचता बैठा है पहाड़। **1**

(iv) कोटि कुलिस सम वचनु तुम्हारा, व्यर्थ धरहु धनु बान कुठारा। **1**

(v) सुनत जोग लागत है ऐसौ, ज्यौं करूई ककरी। **1**

## खंड - ग

## (पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक ) 30

7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर लिखिए : **5x1=5**

यश-कामना बल्कि कहूँ कि यश-लिप्सा, पिताजी की सबसे बड़ी दुर्बलता थी और उनके जीवन की धुरी था यह सिद्धांत कि व्यक्ति को कुछ विशिष्ट बन कर जीना चाहिए ... कुछ ऐसे काम करने चाहिए कि समाज में उसका नाम हो, सम्मान हो, प्रतिष्ठा हो, वर्चस्व हो। इसके चलते ही मैं दो-एक बार उनके कोप से बच गई थी। एक बार कॉलिज से प्रिंसिपल का पत्र आया कि पिताजी आकर मिलें और बताएँ कि मेरी गतिविधियों के कारण मेरे खिलाफ़ अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों न की जाए? पत्र पढ़ते ही पिताजी आग-बबूला। "यह लड़की मुझे कहीं मुँह दिखाने लायक नहीं रखेगी ... पता नहीं क्या-क्या सुनना पड़ेगा वहाँ जाकर! चार बच्चे पहले भी पढ़े, किसी ने ये दिन नहीं दिखाया"। गुस्से से भन्नाते हुए ही वे गए थे। लौटकर क्या कहर बरपा होगा, इसका अनुमान था, सो मैं पड़ोस की एक मित्र के यहाँ जाकर बैठ गई। माँ को कह दिया कि लौटकर बहुत कुछ गुबार निकल जाए, तब बुलाना। लेकिन जब माँ ने आकर कहा कि वे तो खुश ही हैं, चली चल, तो विश्वास नहीं हुआ।

(i) लेखिका के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई का कारण जानकर भी पिताजी नाराज़ क्यों नहीं हुए? **1**

(A) उन्हें अपनी पुत्री की नेतृत्व क्षमता के बारे में जानकर गर्व का अनुभव हुआ।

(B) उन्हें अपनी पुत्री के खिलाफ़ किसी तरह की कार्रवाई से फर्क नहीं पड़ता था।

(C) युवा होती अपनी पुत्री पर वे किसी भी कारण नाराज़ नहीं होना चाहते थे।

(D) कॉलिज के प्रत्येक छात्र-छात्राओं के खिलाफ़ ये अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई थी।

(ii) लेखिका का कौन-सा अनुमान गलत निकला ? **1**

(A) प्रिंसिपल द्वारा पिताजी को उनकी शिकायत न करना।

(B) प्रिंसिपल द्वारा पिताजी को उनकी शिकायत करना।

(C) प्रिंसिपल की शिकायत सुनकर पिताजी का अत्यंत क्रोधित होना।

(D) प्रिंसिपल की शिकायत सुनकर भी पिताजी का क्रोधित न होना।

(iii) मुँह दिखाने लायक नहीं रखना - मुहावरे का प्रयोग हुआ है : **1**

(A) सम्मानजनक स्थान प्राप्त करने के संदर्भ में

(B) समाज में प्रभाव बनाए रखने के संदर्भ में

(C) समाज से भयभीत होने के संदर्भ में

(D) समाज में खड़े होने के संदर्भ में

(iv) निम्नलिखित **कथन** और **कारण** को पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कर लिखिए : **1**

**कथन :** संतान की उपलब्धियों और उसके मान-सम्मान से माता-पिता भी गौरवान्वित अनुभव करते हैं।

**कारण :** संतान को हर तरह के हथकंडे और उचित-अनुचित रास्ते अपनाकर नाम कमाने का प्रयास करना चाहिए।

(A) **कथन** गलत है किंतु **कारण** सही है।

(B) **कथन** और **कारण** दोनों गलत हैं।

(C) **कथन** सही है और **कारण कथन** की सही व्याख्या है।

(D) **कथन** सही है परंतु **कारण कथन** की सही व्याख्या नहीं है।

(v) मन्नू के पिताजी की सबसे बड़ी दुर्बलता क्या थी ? **1**

(A) यश प्राप्ति की कामना

(B) धन प्राप्ति की कामना

(C) उच्च शिक्षा की कामना

(D) उच्च पद की कामना

**8.** निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25 - 30** शब्दों में लिखिए : **3x2=6**

(i) 'बिस्मिल्ला खाँ उच्च कोटि के कलाकार के साथ-साथ एक सच्चे इंसान भी थे।' -पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। **2**

(ii) 'लखनवी अंदाज़' पाठ के आधार पर लिखिए कि खीरे के साथ नवाब साहब के असहज व्यवहार के क्या कारण रहे होंगे ? **2**

(iii) कैप्टन नेताजी की मूर्ति को चश्मा क्यों पहनाता था ? **2**

(iv) बालगोबिन भगत कबीर की तरह आधुनिक सोच वाले थे, कैसे ? **2**

9. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5x1=5**

उधौ, तुम हौ अति बड़भागी।
अपरस रहत सनेह तगा तैं, नाहिन मन अनुरागी।
पुरइनि पात रहत जल भीतर, ता रस देह न दागी।
ज्यौं जल माहँ तेल की गागरि, बूँद न ताकौं लागी।
प्रीति-नदी मैं पाउँ न बोरयौ, दृष्टि न रूप परागी।
'सूरदास' अबला हम भोरी, गुर चाँटी ज्यौं पागी।।

(i) 'पुरइनि पात' किसका प्रतीक है? **1**

(A) निर्लिप्त भाव से रहने वाले का
(B) वातावरण से प्रभावित होने वाले का
(C) किसी भी पुराने-अनुभवी व्यक्ति का
(D) जल में विकसित होने वाले पत्ते का

(ii) गोपियों द्वारा स्वयं को अबला कहने का क्या कारण है? **1**

(A) उद्धव द्वारा दी गई शिक्षा न समझ पाने के कारण
(B) बिना विचारे कृष्ण-प्रेम में लिप्त होने के कारण
(C) कृष्ण का साथ न मिल पाने के कारण
(D) सोच-विचारकर कृष्ण से प्रेम करने के कारण

(iii) 'गुड़' और 'चींटी' शब्दों का प्रयोग किनके लिए हुआ है? **1**

(A) गुड़ कृष्ण के लिए और चींटी गोपियों के लिए
(B) गुड़ गोपियों के लिए और चींटी कृष्ण के लिए
(C) गुड़ और चींटी दोनों ही गोपियों के लिए
(D) गुड़ उद्धव के लिए और चींटी गोपियों के लिए

(iv) निम्नलिखित **कथन** और **कारण** को पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : **1**

**कथन :** सच्चा प्रेम तेल की गागर के समान होता है।

**कारण :** ऐसा प्रेम विरह के दुख को बढ़ा देता है।

(A) **कथन** और **कारण** दोनों सही हैं।
(B) **कथन** और **कारण** दोनों गलत हैं।
(C) **कथन** सही है और **कारण** गलत है।
(D) **कथन** गलत है और **कारण** सही है।

(v) उद्धव को 'बड़भागी' कहा गया है क्योंकि – 1

(A) वे कृष्ण के साथ रहते थे।

(B) वे कृष्ण से प्रेम करते थे।

(C) उन्हें विरह का अनुभव नहीं था।

(D) उन्हें परमात्म-तत्त्व का ज्ञान था।

**10.** निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25 - 30** शब्दों में लिखिए : **3x2=6**

(i) ''तुम्हारी यह दंतुरित मुसकान, मृतक में भी डाल देगी जान'' – पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए। **2**

(ii) संगतकार की अनुपस्थिति का मुख्य गायक के प्रदर्शन पर क्या प्रभाव पड़ सकता है? **2**

(iii) 'उत्साह' में कवि ने बादलों को 'अनंत का घन' क्यों कहा है? **2**

(iv) परशुराम द्वारा स्वयं अपने फरसे की प्रशंसा करना उनके चरित्र की किन विशेषताओं को उजागर करता है? **2**

**11.** पूरक पाठ्यपुस्तक के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **50 - 60** शब्दों में लिखिए : **2x4=8**

(i) 'मैं क्यों लिखता हूँ' में लेखक अपनी भीतरी विवशतावश 'हिरोशिमा' नामक कविता की रचना करता है। क्या किसी भी प्रकार की भीतरी विवशता सदैव रचनात्मकता को जन्म देती है? **4**

(ii) पर्वतीय क्षेत्रों के बच्चों का जीवन कैसा होता है? आपका जीवन उनसे किस रूप में भिन्न है? **4**

(iii) 'माता का अँचल' में भोलानाथ के खेल-नाटकों में अकसर उसके बाबूजी भी शामिल हो जाते थे। क्या वर्तमान में भी बच्चों को अपने अभिभावकों का ऐसा साथ प्राप्त है? तर्कसंगत उत्तर लिखिए। **4**

## खंड – घ

## ( रचनात्मक लेखन ) **20**

**12.** निम्नलिखित तीन विषयों में से **किसी एक** विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग **120** शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : **1x6=6**

(क) पुरुष तेरे रूप अनेक

संकेत बिंदु :
- विभिन्न क्षेत्रों में पुरुषों का योगदान
- रोजगार के नए अवसरों को अपनाना – नर्सिंग, पाक – कला आदि
- परंपरागत सोच में परिवर्तन
- परिवार के भीतर भूमिका में बदलाव

(ख) करो योग भगाओ रोग

संकेत बिंदु :
- योग क्या है?
- योग का रोग पर प्रभाव
- स्वास्थ्य के लिए योग
- निष्कर्ष

(ग) जीवन के लिए पर्यावरण

संकेत बिंदु :
- पर्यावरण से अभिप्राय
- जीवन के लिए आवश्यक
- स्वास्थ्य और समाज
- निष्कर्ष

**13.** आप प्रखर / प्रभा हैं। अपने मित्र को प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग से होने वाली हानि तथा उसके पुनर्चक्रण की महत्ता बताते हुए लगभग **100** शब्दों में एक पत्र लिखिए। **1x5=5**

**अथवा**

आप अमृत / अमृता हैं। वर्तमान में विज्ञापनों में उत्पादों की विशेषताओं को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने की प्रवृत्ति बढ़ती ही जा रही है। इसके कारण उपभोक्ता दिग्भ्रमित हो जाते हैं। इस समस्या की ओर ध्यान दिलाते हुए किसी दैनिक समाचार पत्र के संपादक को लगभग **100** शब्दों में एक पत्र लिखिए।

**14.** आप प्रवेश / प्रतिभा हैं और कक्षा-ग्यारहवीं के विद्यार्थी हैं। हाल ही में आपके पिताजी का स्थानांतरण दूसरे शहर में हो गया है। विद्यालय परित्याग प्रमाणपत्र प्राप्त करने हेतु अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को लगभग **80** शब्दों में ई-मेल लिखिए। **1x5=5**

**अथवा**

आप काव्य / काव्या हैं। आपके नगर के केंद्रीय विद्यालय में टी जी टी (हिंदी) का पद रिक्त है। आप इस पद के लिए योग्य उम्मीदवार हैं। उक्त पद के लिए लगभग **80** शब्दों में अपना एक संक्षिप्त स्ववृत लिखिए।

**15.** मतदान के प्रति जनजागरूकता हेतु निर्वाचन आयोग की ओर से जनहित में जारी एक आकर्षक विज्ञापन लगभग **40** शब्दों में तैयार कीजिए। **1x4=4**

**अथवा**

आपके पिताजी की विभागीय प्रोन्नति लेफ्टिनेंट कर्नल से कर्नल पद पर हुई है। इसके लिए उन्हें बधाई देते हुए लगभग **40** शब्दों में संदेश लिखिए।

**- o O o -**